डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

शनिवार

30 दिसंबर 2023

आपकी आवाज



शीतलहर का सितम शुरू, नहीं हुए सूर्य के दर्शन, बढ़ी कनकनी

3



### अटकलों पर विराम... दिल्ली में जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में दिया इस्तीफा

# ललन सिंह ने जदयू अध्यक्ष पद छोड़ा

- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार फिर बने जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष
- ललन सिंह पर लालू के साथ मिलकर जदूय को तोड़ने का लग रहा था आरोप

**एजेंसी/नई दिल्ली**

ललन सिंह ने जेडीयू अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सौंप दिया है। देश की सियासत में पिछले कुछ दिनों से ललन सिंह के इस्तीफे को लेकर चर्चा तेज थी। कई दिनों से चल रहा सस्पेंश आखिरकार समाप्त हो गया और दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में ललन सिंह ने जेडीयू अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया। ललन सिंह के ऊपर लालू के साथ मिलकर जेडीयू को तोड़ने के आरोप लग रहे थे। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में जेडीयू के नए अध्यक्ष के तौर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नाम पर मुहर लग गई है और अब जेडीयू की पूरी कमान नीतीश कुमार के हाथ में आ गई है। बता दें कि ललन सिंह पर लालू के साथ मिलकर जेडीयू को तोड़ने का आरोप लग रहा था। इस बात को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नाराजगी का नतीजा हुआ कि ललन सिंह को आखिरकार अध्यक्ष पद छोड़ना पड़ा।

जदयू की बैठक में चार प्रस्ताव पास हुए। पहला प्रस्ताव था- जातिगत गणना की पहल कर नीतीश कुमार ने पूरे देश में मिसाल कायम किया। दूसरा प्रस्ताव था नीतीश कुमार अगले साल देशभर में जन जागरण के लिए निकलेंगे. इसकी शुरूआत झारखंड से होगी। तीसरा प्रस्ताव था- सांसदों का निलंबन लोकतंत्र के मूल भावना के खिलाफ है और चौथा प्रस्ताव था- इंडिया गठबंधन में सीट सीयरिंग के मुद्दे पर बातचीत के लिए नीतीश कुमार पार्टी की ओर से अधिकृत हैं। इन प्रस्तावों के पास होने के बाद ललन सिंह ने जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। जेडीयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में नीतीश कुमार ने कहा, ललन सिंह बहुत दिनों से कह रहे थे कि मुझे रिलीफ दे दीजिए। समझाने पर भी नहीं माने, इसलिए मैं उनका इस्तीफा स्वीकार करता हूं। उसके बाद ललन सिंह ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नीतीश कुमार के नाम का प्रस्ताव किया जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी।



### न पार्टी टूटी है न हम एनडीए में जा रहे हैं: केसी त्यागी

जेडीयू नेता केसी त्यागी ने मीडिया से बातचीत में ललन सिंह और नीतीश कुमार के बीच मनमुटाव की अटकलों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, नीतीश कुमार और ललन सिंह 48 साल से साथ हैं। हम सब लोगों के साथ ड्राइविंग सीट पर नीतीश कुमार हैं। जदयू एकजुट है। कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह कहा जा रहा था कि ललन सिंह की लालू यादव के साथ बढ़ती नजदीकियों के कारण नीतीश कुमार नाराज हैं और इसलिए उन्हें जेडीयू के अध्यक्ष पद से हटाया जा सकता है। केसी त्यागी ने कहा कि न पार्टी टूटी है और न दोनों में झगड़ा है और न हम एनडीए में जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जाति आधारित जनगणना को बिहार से बाहर भी प्रचारित करने काम करेंगे। बिहार सरकार के वरिष्ठ मंत्री विजय चौधरी ने बताया कि ललन सिंह को लोकसभा का चुनाव लड़ना है इसलिए अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया है। यह पूछे जाने पर कि क्या जेडीयू फिर बीजेपी के साथ जाएगी, उन्होंने कहा, भाजपा के साथ जाएंगे या नहीं, क्या ये इकरारनामा मीडिया में दे दें। ललन सिंह ने बैठक के दौरान अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा, मैं चुनाव में अपनी सक्रियता को देखते हुए अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे रहा हूं। वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के फिर से जदयू का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने उन्हें बधाई दी है। तेजस्वी यादव ने कहा, नीतीश कुमार पहले भी लगातार पार्टी के अध्यक्ष रहे हैं और पार्टी के सर्वमान्य नेता हैं।

### ललन सिंह के इस्तीफा के ये रहे मजबूत कारण

- अध्यक्ष रहते पार्टी के सभी लोगों को साथ नहीं रख सके।
- ललन सिंह के इरोगेंट नेचर के कारण कोई भी सक्रिय नेता उनसे बचता रहा।
- एक-एक कर नीतीश कुमार के विश्वसनीय नेता उपेंद्र कुशवाहा, आरसीपी सिंह ,और पूर्व एमएलसी प्रो. रणवीरनंदन को पार्टी छोड़कर जाने के लिए बाध्य किया।
- 16 सांसदों में से 13 सांसद ललन सिंह से खफा थे।
- विधायकों की बैठक में नीतीश कुमार को ललन सिंह के अच्छे फीडबैक नहीं मिले।
- नीतीश कुमार ने स्वयं पार्टी कार्यालय का औचक निरीक्षण कर यह महसूस किया कि पार्टी को सुदृढ़ करने के लिए जो कुछ करना चाहिए वह ललन सिंह नहीं कर सके
- अशोक चौधरी के साथ ललन सिंह की हुई तकरार से भी अच्छा संदेश नहीं गया।
- इंडिया गठबंधन बनाने और उस गठबंधन में नीतीश कुमार की रणनीति को ठीक तरह से नहीं रखना भी कारण बना।
- नीतीश कुमार को संयोजक या अन्य कोई महत्वपूर्ण पद दिलाने को लेकर ललन सिंह की कमजोर बैटिंग भी एक कारण बना।
- सबसे महत्वपूर्ण कारण बना ललन सिंह का लालू का करीबी होना। यहां आरोप यह लग रहा था कि सरकार गिराने की साजिश में शामिल होकर तेजस्वी को सीएम और ललन सिंह खुद उप मुख्यमंत्री बनना चाहते थे।

### जदयू में सिर्फ नीतीश कुमार नेता, दूसरा कोई नहीं: सम्राट

ललन सिंह के जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद से इस्तीफा के बाद बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा है कि ये जेडीयू का अपना मामला है वहां की लड़ाई है। बीजेपी को इससे कोई लेना देना नही है। हम आज भी तैयार हैं जेडीयू और आरजेडी मिलकर चुनाव लड़ें। दोनों को हराने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि नेता तो सिर्फ जेडीयू में एक ही है नीतीश कुमार, दूसरा कोई नेता नहीं है। सम्राट ने कहा कि नीतीश कुमार कभी आरसीपी सिंह को अध्यक्ष बनाए, कभी ललन सिंह को बनाए कभी और किसी को बनाएंगे। बीजेपी का मानना है कि हम पूरे महागठबंधन और गठबंधन को हराने के लिए तैयार हैं।

### नीतीश के अध्यक्ष बनने पर कार्यकताओं ने छोड़े पटाखे

ललन सिंह के जेडीयू के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जेडीयू के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं। नीतीश के दुबारा अध्यक्ष बनने पर पटना स्थित जेडीयू दफ्तर में कार्यकताओं ने पटाखे फोड़कर अपनी खुशी का इजहार किया। कार्यकर्ता खासे उत्साहित हैं। कहा जा रहा है कि जदयू को एनडीए से अलग करने में ललन सिंह का बड़ी भूमिका रही। जेडीयू के आरजेडी से गठबंधन के बाद से ही इस बात की चर्चा थी कि ललन सिंह ने लालू प्रसाद से कोई डील किया है। कहा जा रहा था कि तेजस्वी को सीएम बनाने की शर्त पर जेडीयू और आरजेडी एकसाथ आए हैं। बिहार की सियासत में इस बात की चर्चा भी थी कि तेजस्वी को सीएम बनाने के लिए ललन सिंह जेडीयू को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। उधर, बीजेपी से जेडीयू के अलग होने के बाद जेडीयू में एक गुट ऐसा था जो नीतीश कुमार के इस फैसले से नाराज था और इसके लिए ललन सिंह को सबसे बड़ा जिम्मेवार मानता था लेकिन नीतीश से ललन सिंह की बढ़ती नजदीकियों के कारण विरोधी खेमें के नेताओं और कार्यकताओं ने चुप्पी साध रखी थी हालांकि समय समय पर जेडीयू के कई ऐसे नेता भी सामने आए जिन्होंने खुलकर ललन सिंह का विरोध किया।

## मुंगेर में बालू माफिया का आतंक, बैरियर तोड़ ट्रक से ट्रैफिक पुलिस को रौंदने का किया प्रयास

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में बालू, दारू और जमीन माफिया बेलगाम हो गये हैं। आए दिन आपराधिक वारदातों को बेखौफ अंजाम दे रहे हैं। अब तो पुलिस को भी नहीं बख्श रहे हैं। पुलिस पर भी हमला कर रहे हैं। ताजा मामला मुंगेर जिले का है, जहां बालू माफिया ने सड़क पर लगे बैरियर को तोड़ दिया और वहां तैनात ट्रैफिक पुलिस को रौंदने की कोशिश की। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस के जवानों के साथ मारपीट की और गाड़ी लेकर भागने के दौरान मुफ्फसिल थाने की जिप्सी में टक्कर मार दी। ओवरलोडेड बालू लदे तीन ट्रकों को वहां से निकाला गया। लेकिन भागने के क्रम में ट्रक ने लल्लू पोखर स्थित एक घर में जा घुसा। वहीं दूसरे ट्रक को ट्रैफिक पुलिस ने बांक काली स्थान के पास पकड़ लिया। इस दौरान ट्रक चालक ने ट्रैफिक पुलिस के साथ मारपीट की और ट्रक को लेकर भागने की कोशिश की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ट्रक के ड्राइवर को गिरफ्तार किया वही दो ट्रक को जब्त किया।

बताया जाता है कि एनएच-80 पर चल रहे निर्माण कार्य को देखते हुए जिला प्रशासन के निर्देश पर हेरूदियारा के पास बेरियर लगा रखा था जहां यातायात थाने ने चार पुलिस कर्मियों की तैनाती कर रखी थी। सुबह करीब 3 बजे तीन ट्रक ओवरलोड बालू लेकर बेरियर के समीप पहुंचा। यातायात पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो ट्रक चालकों ने रफ्तार तेज कर दी। जिसके कारण यातायात पुलिस वहां से हट गयी और ट्रक बैरियर तोड कर भागने लगा।

यातायात पुलिस ने पीछा किया तो एक ट्रक लल्लू पोखर की ओर भाग निकला। जबकि एक ट्रक को यातायात पुलिस ने बांक काली स्थान के समीप पकड़ लिया, लेकिन चालक यातायात सिपाही के साथ मारपीट कर ट्रक पर चढ़ गया और ट्रक को बैक कर वहां से भागने का प्रयास किया। तभी सूचना पर मुफस्सिल थाना की गश्ती टीम की जिप्सी वाहन बीआर08पी-4468 वहां पहुंच गयी। ट्रक चालक ने बैक में ही जिप्सी में धक्का मार दिया। जिसमें जिप्सी के सामने वाला हिस्सा और शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने उक्त चालक को पकड़ लिया। वह लखीसराय जिले के सूर्यगढ़ा थाना क्षेत्र के निस्ता खेमतरी गांव निवासी झापो यादव का पुत्र मिथुन कुमार है। इस पूरे घटना में यातायात और मुफस्सिल थाना पुलिस की टीम बाल-बाल बच गये।

### घने कोहरे से ढंका आधा बिहार, 2 को बारिश के आसार

**पटना।** बिहार में मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल चुका है। शुक्रवार की सुबह कई जिले में घना कोहरा छाया रहा। पटना, भोजपुर, बक्सर, गया, जहानाबाद, बगहा, गोपालगंज, बेतिया में सुबह से कोहरा छाया रहा। विजिबिलिटी काफी कम रही। लोग फॉग लाइट की मदद से सड़कों पर गाड़ियां चलाते दिखे। मौसम विभाग के अनुसार बांग्लादेश और आसपास के इलाके में चक्रवातीय हवाओं का क्षेत्र स्थित है। 2 जनवरी को इसका असर बिहार के मैदानी भाग पर पड़ेगा। इससे दक्षिण-पश्चिम बिहार के बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद, अरवल और दक्षिण मध्य बिहार के पटना, गया, नालंदा, शेखपुरा, नवादा, बेगूसराय, लखीसराय और जहानाबाद जिले के एक-दो स्थानों पर बारिश का अनुमान है।

## मोदी सरकार ने सुकन्या समृद्धि योजना पर ब्याज दर 0.2% बढ़ाई

**एजेंसी/नई दिल्ली**

सरकार ने नए साल पर बड़ा तोहफा दिया है। नए साल में सरकार ने छोटी बचत योजनाओं से लेकर सुकन्या समृद्धि योजना तक की ब्याज दरों में बदलाव कर दिया है। सरकारी घोषणा के मुताबिक 3 साल की सेविंग स्कीम पर ब्याज दर 0.1 फीसदी बढ़ा दी गई है। सुकन्या समृद्धि योजना पर ब्याज दर 0.2% बढ़ाई गई है। जनवरी-मार्च की तिमाही में अब सुकन्या समृद्धि योजना पर 8.2 फीसदी ब्याज मिलेगा। सरकार की ओर से ब्याज दरें बढ़ाने से अब नए साल पर लोगों को निवेश पर ज्यादा फायदा मिलेगा।

वित्त मंत्रालय की ओर से अब जनवरी से मार्च 2024 तिमाही के लिए सुकन्या समृद्धि योजना के लिए ब्याज दर को 8 फीसदी से बढ़ाकर




अब 8.20 फीसदी कर दिया गया है। इस योजना में बेटी के जन्म से लेकर 10 साल की उम्र तक माता-पिता या कानूनी अभिभावक बिटिया का खाता खोल सकते हैं। सुकन्या समृद्धि योजना में खाता पोस्ट ऑफिस और बैंकों में खोला जा सकता है। सुकन्या समृद्धि स्कीम के तहत न्यूनतम जमा राशि 250 रुपये सालाना और अधिकतम 1,50,000 रुपये है। अगर एक कारोबारी साल में न्यूनतम जमा राशि 250 रुपये डिपॉजिट नहीं होती है तो डिफॉल्ट होने पर हर साल 50 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

## अशोक लीलैंड को प्रस्तावित प्रोजेक्ट के लिए फ्रंट-एंड भूमि सब्सिडी प्रदान करने की अनुमति

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

योगी सरकार ने एफडीआई पॉलिसी 2023 के तहत अशोक लीलैंड लिमिटेड को प्रस्तावित प्रोजेक्ट के लिए फ्रंट-एंड भूमि सब्सिडी प्रदान करने की अनुमति दे दी है। कंपनी द्वारा दिए गए प्रस्ताव का मूल्यांकन करते हुए सक्षम प्राधिकारी ने परियोजना को एफडीआई नीति-2023 के प्रावधानों के अनुसार फ्रंट-एंड भूमि सब्सिडी का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र पाया है। इसके बाद उचित विचार-विमर्श के बाद सक्षम प्राधिकारी ने प्लॉट नंबर: 1, स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड साइट, सरोजिनी नगर औद्योगिक क्षेत्र (यूपीसीडा) में 70 एकड़ भूमि पर परियोजना के लिए 75% फ्रंट-एंड भूमि सब्सिडी देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इस संबंध में कंपनी के एमडी और सीईओ शेनू अग्रवाल को अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त व इन्वेस्ट यूपी के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह द्वारा लेटर ऑफ अप्रूवल भेजा गया है।

यह परियोजना उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) की भूमि पर प्रस्तावित है। परियोजना सेंटर ऑफ एक्सीलेंस सहित प्रति वर्ष 2500 वाहनों की स्थापित क्षमता के साथ वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण के लिए एक एकीकृत ग्रीन-फील्ड संयंत्र स्थापित करने पर आधारित है। यह परियोजना बाजार में इलेक्ट्रिक और अन्य वाहनों की मांग के आधार पर अन्य ईंधन पर आधारित वाहनों का निर्माण करेगी। प्रस्तावित परियोजना 186 करोड़ रुपए के अनुमानित निवेश के साथ स्थापित की जाएगी, जिसे 2 चरणों में लागू किया जाएगा। इसके लिए आवश्यक भूमि क्षेत्र 70 एकड़ है। उत्तर प्रदेश सरकार और अशोक लीलैंड के बीच 15 सितंबर को एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए थे।

## नेपाली गर्लफ्रेंड से शादी करने भाग रहा गैंगस्टर शाकिर रेजा को पुलिस ने किया गिरफ्तार, मिले 12 आईडी कार्ड


**केटी न्यूज/पटना**

एसएसबी ने रक्सौल के भारत-नेपाल सीमा पर बने मैत्री पुल पर गैंगस्टर शाकिर रेजा उर्फ आसिफ अली को गिरफ्तार किया है। एसएसबी 47वीं बटालियन के इंस्पेक्टर मनोज शर्मा ने बताया कि गैंगस्टर शाकिर रेजा को तब गिरफ्तार किया गया, जब वो नेपाल भागने का प्रयास कर रहा था। गुरुवार की शाम पुलिस ने यह कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार शाकिर रेजा कटिहार के शाहनगर कुजीबाना का रहने वाला है। उसके पास टोटल 10 पहचान पत्र मिले हैं। कुछ में उसका नाम आसिफ अली पुत्र नियाज अली लिखा था। जांच के क्रम में इसके कुछ आईडी में पता थर्ड फ्लोर, बाटला हाउस, जामिया नगर, दिल्ली पता पाया गया। इसके खिलाफ बिहार पुलिस ने कई थानों में 10 अलग-अलग गंभीर मामले दर्ज किए गए हैं। शाकिर रेजा पर हवाला से जुड़ा मामला भी दर्ज है। इस केस में वह जेल भी जा चुका है। पूछताछ में उसने बताया कि कई बार वह भारत और नेपाल की जेलों में सजा काट चुका है।

**नेपाल की ल्रड़ से शादी करके लेना चाहता था नागरिकता:** इंस्पेक्टर मनोज शर्मा ने बताया कि नेपाल में शाकिर की एक मनीषा गौतम नाम की गर्लफ्रेंड भी है, जिससे शादी कर नेपाल की नागरिकता प्राप्त करना चाह रहा था। गैंगस्टर अपने क्षेत्र में काफी बाहुबली में से एक माना जाता है। राजनीतिक पैठ के कारण अपनी पत्नी को मुखिया का चुनाव भी जीतने में कामयाब रहा था।

**जामिया मिल्लिया इस्लामिया का रह चुका है स्टूडेंट:** उसने यह भी बताया कि प्रखंड की जाजा पंचायत में अक्टूबर में एक व्यापारी राम प्रसाद राय पर गोली चलाने का आरोपी रहा है। यह जामिया मिल्लिया इस्लामिया दिल्ली का छात्र भी रह चुका है। इसके पास से बारह विभिन्न पहचान पत्र मिले हैं, जिसमें केवल दो में इसका नाम शाकिर रेजा लिखा था अन्य सभी पहचान पत्रों में आसिफ अली नाम लिखा था। शाकिर रेजा पुलिस से बचने के लिए विदेशी नंबरों से वॉट्सएैप चला रहा था। यह आठ सिम और तीन मोबाइल का इस्तेमाल कर अपनी लोकेशन बार-बार बदल रहा था। इसके कारण इसकी सभी नंबरों को सर्विलांस पर रख लोकेशन लेने की कोशिश की जा रही थी। उसे पकड़ने के लिए एसएसबी 47वीं बटालियन ने तीन स्थानों पंटोका, मिश्रा कालोनी व हजमाटोला से संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा।

पकड़े गए संदिग्ध व्यक्तियों से पता चला कि शाकिर रेजा शाम 6 बजे बॉर्डर क्रॉस कर नेपाल भागने वाला है। उसके बाद मैत्री पुल पर तैनात एसएसबी के चेक पोस्ट पर जांच के दौरान इसे पकड़ लिया गया।




### पीएम के आगमन से पहले सीएम योगी ने लिया विकास कार्यों का जायजा

# रामनगरी अयोध्या पहुंचे सीएम, आज आएंगे पीएम मोदी

**केटी न्यूज ब्यूरो/अयोध्या**

पीएम मोदी के आमगन से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास कार्यों का जायजा लिया। यहां उन्होंने हनुमानगढ़ी व रामलला के दर्शन-पूजन किए। संकट मोचन हनुमान व रामलला के दर्शन कर सीएम योगी आदित्यनाथ ने सुखी-स्वस्थ उत्तर प्रदेश की कामना की। इसके पहले रामकथा हेलीपैड पहुंचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया। इस माह में मुख्यमंत्री का तीसरी बार अयोध्या आगमन हुआ है। इससे पहले



मुख्यमंत्री ने 2 दिसम्बर और 21 दिसंबर को अयोध्या आगमन पर मंदिरों में शीश झुकाया था। लता मंगेशकर चौक पहुंचकर सीएम ने यहां की खुबसूरती को निहारा। लता मंगेशकर चौक को काफी शानदार ढंग से सजाया गया है। सीएम ने यहां वीणा संग सेल्फी भी ली। सीएम ने आमजन का अभिवादन किया। इसके बाद रामपथ को देखा। प्रधानमंत्री के आमगन से पहले सीएम ने प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। रामपथ पर मौजूद महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों से भी सीएम ने हालचाल जाना। सीएम ने बच्चों से पूछा कि स्कूल जाते हो। यहां जयश्रीराम की गूंज गुंजायमान रही।

**अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का लिया जायजा:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का भी जायजा लिया। सीएम ने पीएम के आगमन के पहले यहां पहुंचकर वास्तुस्थिति देखी। यहां रेलवे स्टेशन व प्लेटफॉर्म की व्यवस्था से संतुष्ट दिखे सीएम ने अफसरों को निर्देश दिया कि कहीं किसी प्रकार की कमी न हो। अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन को दुल्हन की तरह सजाया गया है। इस दौरान मंत्री सूर्य प्रताप शाही, सांसद लल्लू सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह आदि मौजूद रहे।

# जनसंख्या नियंत्रण के लिए गोलियों की बजाय इंजेक्शन अधिक सुविधाजनक

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**




स्वास्थ्य विभाग द्वारा परिवार नियोजन एवं दो बच्चों के बीच समुचित अंतराल के लिए प्रजनन उम्र की महिलाओं को गर्भनिरोधक इंजेक्शन निशुल्क प्रदान किया जा रहा है। इस गर्भनिरोधक इंजेक्शन का नाम अंतरा है, इस इंजेक्शन को एक बार लेने से तीन माह तक गर्भ निरोध होता है। कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टाफ नर्स, एएनएम सहित अन्य सेवा प्रदाताओं को मैन्युअल फॉर इंजेक्टबल कांट्रैसेप्टिव विषय पर लगातार प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस क्रम में आज सदर अस्पताल स्थित क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र में जिला स्वास्थ्य समिति औरंगाबाद द्वारा एक प्रशिक्षण का आयोजन कर जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में कार्यरत तीस चिन्हित स्टाफ नर्स एवं एएनएम को प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण सत्र की शुरूआत जिला संचारी रोग पदाधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रवि रंजन द्वारा औपचारिक उद्घाटन एवं संबोधन करते हुए किया गया।

अपने वक्तव्य के क्रम में जिला संचारी रोग पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रजनन स्वास्थ्य के तहत सरकार द्वारा इंजेक्टबल निरोधकों के इस्तेमाल एवं प्रसार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जनसंख्या नियंत्रण के लिए गर्भ निरोधक गोलियों की बजाए अंतरा इंजेक्शन का उपयोग सुविधाजनक है जिसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है। उन्होंने बताया कि जो महिलाएं गर्भ निरोधक गोलियां का सेवन नहीं करना चाहती हैं वे परिवार नियोजन के इस माध्यम का उपयोग कर सकती हैं। नसबंदी न कराने वाली महिलाओं को कई बार अनचाहे गर्भ का सामना करना पड़ता है। ऐसे में एक अंतरा इंजेक्शन तीन माह तक गर्भ निरोधक का कार्य करता है। इससे महिलाओं को कमजोरी का अनुभव भी नहीं होता है। महिलाएं जब भी गर्भधारण करना चाहे तब इंजेक्शन लेना बंद कर सकती हैं। अंतरा को लेकर समाज में बहुत तरह की नकारात्मक बातें हैं जो सिर्फ भ्रांति मात्र हैं। यह गर्भाशय एवं अंडाशय के कैंसर से बचाव के साथ-साथ एनीमिया अर्थात खून की कमी को रोकने के मामले में फायदेमंद है। परिवार नियोजन के रूप में अंतरा को अपनाने वाली प्रत्येक लाभार्थी महिला को प्रति डोज सौ रुपये प्रोत्साहन स्वरूप सरकार द्वारा दिया जा रहा है। इसकी सुविधा सदर अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल, रेफरल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सभी स्वास्थ्य उप केंद्रों पर निः शुल्क उपलब्ध है, अगर कोई इच्छुक लाभार्थी इस सुविधा को प्राप्त करना चाहे तो वह अपने क्षेत्र की एएनएम या आशा कार्यकर्ता की मदद ले सकती हैं। लाभार्थी को अंतरा की सुविधा दिलाने वाली आशा कार्यकर्ता को भी 100 रुपये प्रति डोज प्रोत्साहन स्वरूप दिए जाते हैं। इंजेक्शन का पहला डोज चिकित्सक द्वारा लाभार्थी की स्क्रीनिंग होने के बाद ही प्रशिक्षित स्टाफ नर्स से लगवाया जाता है।

## एक नजर

### हथियार, गोली और शराब के साथ घूम रहे बाइक सवार दो संदिग्ध गिरफ्तार

**आरा।** अगिआंव बाजार थाने की पुलिस ने गुरुवार की शाम हथियार और शराब के साथ बाइक सवार दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। वाहन चेकिंग के दौरान दोनों को खननी कला मोड़ के पास पकड़ा गया है। गिरफ्तार संदिग्धों में पीरो थाना क्षेत्र के चतुभुर्जी बरांव गांव निवासी चंदन कुमार व अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के अकरहीं गांव निवासी सुमन सिंह है। उनके पास से एक देसी कट्टा, एक गोली, एक लीटर महुआ शराब और एक बाइक बरामद की गयी है। एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि गुरुवार की शाम थानाध्यक्ष अरविंद कुमार के नेतृत्व में अगिआंव बाजार थाने की पुलिस खननी कला मोड़ के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। तभी पुलिस को देख बाइक सवार दो लोग भागने लगे। तब पुलिस ने खदेड़ कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से एक कट्टा, एक गोली और एक लीटर महुआ शराब बरामद की गयी। उसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। बाइक भी जब्त कर ली गयी। इस मामले में दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट और उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। दोनों के आपराधिक रिकॉर्ड को खंगाला जा रहा है

### एसएस कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. रघुवंश सिंह को अर्पित की गई श्रद्धांजलि



**जहानाबाद।** एस. एस. कॉलेज,जहानाबाद के भूतपूर्व प्रधानाचार्य डॉ० रघुवंश सिंह की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर महाविद्यालय परिवार के सदस्यों के द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो०(डॉ०) कृष्णानंद के अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम डॉ० रघुवंश बाबू के तैल चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्राचार्य प्रो० डॉ० कृष्णानंद ने कहा कि आज भी हमारा महाविद्यालय रघुवंश बाबू को अपने सच्चे अविभावक और मार्गदर्शक के रूप में बड़ी शिद्दत से याद करता है। उनकी शुचिता, जीजिविषा , जीवटता , महाविद्यालय के प्रति अटूट समर्पण व सेवा साधना हमें सदैव प्रेरित करती रहेंगी। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानाचार्य के रूप में उनका कार्यकाल महाविद्यालय के इतिहास में स्वर्णिम काल रहा है। कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए उनकी अडिग प्रतिबद्धता हम सब को आज भी प्रेरित करती है।

## बड़हरा और कोईलवर थाने की सीमा के कोल्हरामपुर के बीच समीप की घटना

# मुजफ्फरपुर के ट्रक चालक को गोली मार पैसे और लॉकेट ले भागे बदमाश

- पटना से बालू लेकर मुजफ्फरपुर जाने के दौरान अपराधियों ने की वारदात
- चालक की हथेली में लगी गोली, सदर अस्पताल में कराया जा रहा इलाज

**केटी न्यूज/आरा**



भोजपुर में आरा-छपरा फोरलेन पर बड़हरा और कोईलवर थाने की सीमा पर शुक्रवार की सुबह अपराधियों ने छिनतई के दौरान मुजफ्फरपुर के एक ट्रक चालक को गोली मार दी। उसके बाद खलासी के कुछ पैसे और सोने की लॉकेट छीन कर भाग निकले। गोली चालक की हथेली में लगी है, जो आर-पार होते सीने को टच करते निकल गयी है। उसमें चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी ट्रक चालक मुजफ्फरपुर जिले के पारु थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव निवासी शंकर सहनी का 29 वर्षीय पुत्र राकेश सहनी है। छिनतई और गोली मारे जाने की घटना राजपुर और कोल्हारमपुर गांव के बीच शुक्रवार की अहले सुबह की है। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गयी। अपराधियों की पहचान और धरपकड़ को लेकर छापेमारी की जा रही है। चालक राकेश सहनी ने बताया कि वह बालू लेने पटना इलाके में गया था। उदयपुर बालू घाट से ट्रक पर बालू लोड करने के बाद वह मुजफ्फरपुर लौट रहा था। उस दौरान राजापुर गांव के आगे जाम लगा था। वह ट्रक लेकर कोल्हरामपुर गांव के पास खड़ा था। तभी पांच-छह की संख्या में अपराधी वहां आ गए और साथ रहे चचेरे भाई सह खलासी के पास रहे पैसे व उसके गले से सोने का लॉकेट छीन लिया। उसने विरोध किया, तो उनके बीच हाथापाई भी हुई। उसके बाद बदमाशों ने उसे गोली मार दी। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद उसे इलाज के लिए कोईलवर पीएचसी ले जाया गया। वहां से बेहतर इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि कोईलवर और बड़हरा थाने की सीमा पर छिनतई के दौरान बदमाशों ने एक ट्रक चालक को गोली मार दी गयी है। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और इलाज के लिए चालक को अस्पताल ले जाया गया। उसकी हालत खतरे से बाहर है।

### चालक व खलासी को बंधक बना ट्रक लूट ले भागे बदमाश

**आरा।** बक्सर-पटना फोरलेन पर अपराधियों ने हथियार के बल पर गेहूं लदा एक ट्रक लूट लिया। चालक और खलासी को बंधक बना कर लूट की घटना को अंजाम दिया गया है। अपराधी चालक और खलासी को बिहिया क्षेत्र में एक पेड़ में बांध ट्रक ले भागे। ट्रक पर 25 टन गेहूं लदा था। लुटेरों की संख्या छह से सात बतायी जा रही है। लूट की यह घटना गजराजगंज ओपी क्षेत्र के धमार मोड़ के समीप बुधवार की रात करीब साढ़े बारह बजे की है। इस मामले में बक्सर के औद्योगिक थाना क्षेत्र के सारीपुर गांव निवासी ट्रक मालिक वीरेंद्र यादव के बयान पर अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। प्राथमिकी के अनुसार बक्सर के छोटकी नैनीजोर गांव निवासी चालक धनजी यादव और सिमरी के गंगोली गांव निवासी खलासी राहुल यादव ट्रक पर गेहूं लोड कर दानापुर मिल जा रहे थे। तभी गजराज गंज ओपी क्षेत्र धमार मोड़ के पास अपराधियों द्वारा ट्रक से ओवरटेक कर इस ट्रक को रोक दिया गया। उसके बाद बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया।

### खनन सहित अन्य मामलों में 14 लोग भेजे गए जेल

**औरंगाबाद।** एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम के निर्देश पर कार्रवाई के फलस्वरूप 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसी क्रम में खनन कांड में एक , विविध कांड में चार एवं शराब कांड में नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके आलावा 400 लीटर महुआ शराब, 15.51 लीटर विदेशी शराब एवं 455 लीटर स्प्रिट, एक ट्रक, 550 किलोग्राम चावल, दो बाइक, एक कार, 800 सीएफटी बालू बरामद किया गया है। वाहन जांच एवं शमन मामले में 9500 रुपए जुमार्ना वसूला गया है। पकड़े गए अभियुक्तों के विरुद्ध संदर्भ में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया।




### पुलिस केन्द्र में शुरू हुआ पालना घर सीसीटीवी से होगी बच्चों की निगरानी



**केटी न्यूज/जहानाबाद**

महिला पुलिस कर्मियो के सुविधा के मद्देनजर पुलिस केन्द्र स्थित पालना घर का एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम ने आज उद्घाटन किया है। इस अवसर पर पुलिस केंद्र के पुलिस उपाधिक्षक आकाश कुमार यादव एवं प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक रेणु कुमारी मौजूद रहे। ऐसा होने से ऐसी महिला पुलिस कर्मियों को काफी सहूलियत होगी। इसके साथ ही पालना घर में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बच्चों के देख-रेख हेतु महिला पुलिसकर्मी की प्रतिनियुक्ति किया गया है और सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। बच्चों के खेलने एवं मनोरंजन हेतु संसाधन उपलब्ध कराये गये हैं। एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम ने बताया कि अपने कर्तव्यों का पालन करने के दौरान महिला पुलिसकर्मियों को हमेशा घर में रह रहे अपने बच्चों की चिंता रहती थी लेकिन अब उनकी यह चिंता खत्म हो गई है। पालना घर में बच्चों के खेलने से लेकर पढ़ाई की व्यवस्था की गई है।

### जिले में अपराध नियंत्रण के लिए अंतरराज्यीय समन्वय पर जोर

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

अंतरराज्यीय अपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए आज पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम की अध्यक्षता में पुलिस केन्द्र स्थित सभागार में बैठक की गई। इस बैठक में झारखंड प्रदेश के पलामू पुलिस अधीक्षक, छतरपुर अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, औरंगाबाद अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी मो. अमानुल्लाह खान, पलामू प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक, नवीनगर अंचल पुलिस निरीक्षक बिरेंद्र प्रसाद यादव सहित कई अन्य मौजूद रहे। सभी ने एक सुर से समय-समय पर संवाद स्थापित करने के ऊपर जोर देते हुए कहा कि अंतरराज्यीय अपराध की जानकारी सामने आते ही सभी एक-दूसरे से शेयर करें।

बैठक में नक्सलियों एवं अपराधियों के बीच के गठजोड़, मादक पदार्थों की तस्करी, यथा अवैध खनन जैसे संवेदनशील कई मुद्दों पर चर्चा की गई। अंतरराज्यीय छापे और तलाशी के दौरान समन्वय और सहयोग बढ़ाने की योजना बनाने का निर्णय लिया गया ताकि अपराधी अपराध के बाद किसी भी सूरत में गिरफ्तारी से बच न सकें। किसी भी प्रकार की अंतरराज्यीय आपराधिक गतिविधियों से संबंधित रियल-टाइम सूचना साझा करने पर भी बल दिया गया।

पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम ने बताया कि अंतरराज्यीय समन्वय पर जोर देने यथा अपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए बैठक अयोजित की गई। अंतरराज्यीय पुलिस बलों के बीच रणनीतिक सहयोग सभी मुद्दों से निपटने में अहम हथियार की तरह काम करेगा।

### छापेमारी में 1000 हजार लीटर महुआ पास विनिष्ट , कारोबारी फरार

**औरंगबाद।** छापेमारी के मदनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कार्रवाई के फलस्वरूप करीब 1000 लीटर महुआ पास और 105 लीटर कच्ची शराब बरामद किया गया है। इसके उपरांत बरामद महुआ एवं दो शराब निर्माण से जुड़े भट्ठियों को विनष्ट किया गया। थानाध्यक्ष शशी कुमार राणा ने बताया कि कार्रवाई के फलस्वरूप महुआ पास की बड़ी खेप और दो भट्ठियों को विनष्ट किया गया है। संदर्भ में कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही हैं।

### टायर एजेंसी से आठ लाख की संपत्ति चोरी

**औरंगाबाद।** अज्ञात चोरों ने एक टायर एजेंसी में बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। घटना देर रात मदनपुर थाना क्षेत्र के एनएच - 19 पर खिरियावां मोड के समीप की हैं। जहां अज्ञात चोरों ने एजेंसी के शटर का ताला तोड़ करीब 8 लाख रुपए की संपत्ति चोरी कर लिया। घटना की सारी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई जिसमें तीन चोर दिखाई पड़ रहे है। इधर सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की तहकिकात में जुट गई है। घटना को लेकर गया जिले के आमस थाना क्षेत्र के ताराडीह निवासी सुनिल कुमार यादव ने बताया कि घटना की जानकारी स्थानीय लोगों द्वारा हुईं जिसके अलोक में पहुंचा तो देखा की अज्ञात चोरों ने एजेंसी के शटर का ताला तोड़ चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की चक्का सहित करीब 8 लाख रूपए की संपत्ति चोरी कर ली गई।

### गजना महोत्सव में ख्याति प्राप्त के साथ स्थानीय कलाकार भी भाग लेंगे: डीएम

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा गुरुवार को गजना महोत्सव की तैयारी को लेकर नबीनगर के टंडवा थाना क्षेत्र में अवस्थित गजना धाम मंदिर परिसर स्थित पूरे स्थल का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि महोत्सव कार्यक्रम उसी जगह पर होगा जहां पूर्व से कार्यक्रम निर्धारित है। जिलाधिकारी द्वारा यह भी बताया गया कि महोत्सव कार्यक्रम मे ख्याति प्राप्त कलाकार के साथ साथ स्थानीय कलाकार भी भाग लेंगे। गौरतलब है कि विगत कुछ वर्षो से गजना महोत्सव को राजकीय कैलेंडर मे शामिल किया गया है, तब से गजना महोत्सव कला एवं संस्कृति विभाग तथा जिला प्रशासन के सौजन्य से कराया जा रहा है।



गजना महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा अभी से तैयारी शुरू कर दी गई है। जिले भर से लोग इस महोत्सव को देखने के लिए आते हैं। इस महोत्सव के आयोजन को लेकर जिले वासियों मे काफी उत्साह है। इस महोत्सव में जिला प्रशासन के सौजन्य से कुश्ती, रंगोली, पेंटिंग, क्विज आदि कई प्रतियोगिताएं भी कराई जाती हैं, जिसमें जिले के कई प्रतिभागी भाग लेते हैं। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद कुमार सिंह, अंचल अधिकारी आलोक कुमार, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी पंकज कुमार, नगर पंचायत नबीनगर कार्यपालक पदाधिकारी श्यामनंदन प्रसाद, मुंगिया पंचायत के मुखिया जयप्रकाश सिंह, भृगुणाथ सिंह, जिला पार्षद हरी राम मंदिर के पुजारी सहित अन्य लोग मौजुद थे।



# नये साल के जश्न में जाम छलकाना पड़ेगा महंगा, जाना पड़ेगा जेल

**केटी न्यूज/डुमरांव**



नये साल के जश्न में शराब का सेवन करना लोगों को जेल की सलाखों में पहुंचा सकता है। ऐसे जश्न के पार्टियों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। अलविदा साल के देर शाम से ही पुलिस की चहलकदमी शहर के होटल, लॉज सहित कई मोहल्लों में बढ़ जायेगी। पुलिस ऐसे जगहों की सूची बनानी शुरू कर दी है। शराब के खिलाफ अनुमंडल की पुलिस ने कई रणनीति तैयार की है। निगरानी को लेकर पूरे इलाके में चार टीमों का गठन किया गया है, जो अनुमंडल के अलग-अलग अंचलों में पैनी नजर रखेंगे। इस टीम में तेज-तर्रार पुलिस अधिकारी के साथ मद्य निषेध विभाग भी शामिल है। पुलिस के फाइलो में दर्जनों शराब तस्कर रडार पर है। वैसे तस्करों के खिलाफ कार्रवाई कर उनकी संपत्ति जब्त की जायेगी। अनुमंडल के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में शराबबंदी कानून पर लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर भी कार्रवाई तय माना जा रहा है। आम जनता के साथ कुशल व्यवहार को नजरअंदाज करने वाले थानाध्यक्ष भी पुलिस लाइन की राह पकड़ेंगे। नये साल में पुलिस मुख्यालय सभी थानों के गतिविधियों पर नजर रखेगा। इसके लिए गोपनीय तरीके से प्रगति रिपोर्ट भी पुलिस मुख्यालय तैयार करेगा। बेहतर कार्य करने वाले थानाध्यक्ष पुरस्कार के भागी बनेंगे। डुमरांव अनुमंडल के कई ऐसे भी थानाध्यक्ष है, जिनकी कार्यशैली से पुलिस महकमा खासा प्रभावित है। इनके बेहतर कार्य से अपराध नियंत्रण में भी कमी आयी है। पुलिस सूत्रों की मानें तो नये साल में सभी थानों की प्रगति रिपोर्ट बनेगी, जिसमें शराबबंदी कानून का सख्ती से पालन, शराब की बरामदगी, शराब तस्करों की गिरफ्तारी, शराब के धंधे से अर्जित किये गये संपत्ति की जब्ती के साथ ही कांड के अनुसंधान की समीक्षा तथा अपराध नियंत्रण को लेकर थाना स्तर पर किये गये प्रयासों की चर्चा प्राथमिकता के आधार पर अंकित है।

**शरारती तत्वों व मनचलों पर भी रहेगी नजर:** नये साल पर शराब तस्करों के साथ ही अपनी शरारतों से समाज को तोड़ने या हिंसा फैलाने वालों तथा मनचले टाइप युवकों पर भी पुलिस की नजर रहेगी। खासकर पुलिस वैसे तेज गति से बाइक तथा लहेरिया कट बाइक चलाने वालों को सबक सिखाने के लिए कमर कस चुकी है। बता दें कि पिछले कुछ महीनों में डुमरांव में लहेरिया कट बाइक चालकों की संख्या बढ़ गई है। नयें साल के जश्न में इनके उत्पात से सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। वही मनचले टाइप युवा सरेआम युवतियों पर फब्तियां कसने से भी बाज नहीं आते है। ऐसे में पुलिस उन पर पैनी नजर बनाए रखेगी।

**शराबबंदी पर लागू रहेगी सख्ती**

शराबबंदी कानून का कड़ाई से पालन कराया जायेगा। क्राइम मीटिंग के दौरान सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिया गया है कि नये साल पर विशेष नजर रखे। शराब और धंधेबाजों के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है। इसके लिए सभी अंचलों में टीमें गठित की गयी है। **- अफाक अख्तर अंसारी, एसडीपीओ डुमरांव।**

## एक नजर

### राज्य स्तरीय युवा उत्सव में बेहतर करने वाले युवाओं को डीएम ने किया सम्मानित



**बक्सर।** हाल ही में सारण में आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में बक्सर जिले से बेहतर करने वाले प्रतिभागियों तथा संगीत गुरू को डीएम अंशुल अग्रवाल ने कलाई घड़ी व प्रतीक चिन्ह दे सम्मानित किया। बता दें कि राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के सुगम संगीत के प्रतिभागी मो. शाहिद व शास्त्रीय संगीत की प्रतिभागी सोनी कुमारी ने अपने अपने विधा में क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। जबकि युवा टीम की अगुवाई डुमरांव राज प्लस टू उच्च विद्यालय के शिक्षक अनुराग मिश्र ने किया था। डीएम ने तीनों को सम्मानित किया है। इस सम्मान के लिए प्रतिभागियों ने जिला प्रशासन बक्सर को धन्यवाद के साथ और मेहनत कर बक्सर जिलें का नाम रौशन करने का आश्वासन दिया। बता दें कि राज्य स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने से पूर्व प्रतिभागियों का चयन जिला स्तरीय युवा उत्सव में किया गया था। इस मौके पर डीएम ने उनकी प्रतिभा की सराहना की तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का नाम रौशन करने के लिए बधाई भी दिया। संगीत गुरू अनुराग ने बताया कि बक्सर जिले में कला तथा संगीत के क्षेत्र में प्रतिभावानों की कमी नहीं है। जरूरत है उन्हें निखारने की।

### मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं - डॉ. संजीव



**डुमरांव।** शुक्रवार को मुंगाव पंचायत के कोपवां गाव के समुदायिक भवन में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में इलाके के सैकड़ो मरीजों की जांच कर उन्हें मुफ्त दवा का वितरण किया गया। यह स्वास्थ्य शिविर मुंगाव पैक्स अध्यक्ष सनमुन सिंह की देख रेख में आयोजित हुआ था। जिसमें होमियो पैथिक के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ संजीव कुमार सिंह ने मरीजों की जांच कर उन्हें दवा वितरित किया। अपने संबोधन में डॉ. संजीव ने कहा कि मानव सेवा से बड़ा काई धर्म नहीं है। उन्होंने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा करना उनका शगल है। वहीं उन्होंने यह भी बताया कि होमियोपैथी की दवाएं जादू की तरह काम करती है तथा खास बात यह कि इसका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं होता है। उन्होंने कहा कि होमियोपैथी में कई असाध्य रोगों का भी इलाज संभव है। बस जरूरत है लोगों के इस पर भरोसा करने की। वही पैक्स अध्यक्ष सनमुन सिंह ने कहा कि इलाके के मरीजों को ध्यान में रख इस शिविर का आयोजन किया गया था। इस शिविर को सफल बनाने में डॉ संजीव कुमार सिंह के टीम के रौशन सिंह, शेर सिंह, प्रदीप सिंह, अखिलेश मिश्र आदि ने सराहनीय भूमिका निभाई। वही शिविर में मुफ्त दवा पाने वाले मरीजों में खुशी देखी गई।

## खबरें फटाफट

### छात्रा से छेड़खानी के सवाल पर आमने सामने आए दो गांव के लोग

**चौगाई।** शुक्रवार को मुरार पुलिस की तत्परता से दो गांवों के बीच विवाद होते होते बचा। हालांकि एक छात्रा से छेड़खानी के विरोध में दोनों गांव के लोग आमने सामने आ गए थे। लेकिन अंतिम समय में पहुंची स्थानीय पुलिस ने स्थिति नियंत्रित करते हुए मामले को बात चीत से सुलझा लिया। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव की एक किशोरी कोचिंग में पढ़ने के लिए कोरानसराय जा रही थी। वह जैसे ही बंजरियां गांव के समीप पहुंची कि वहां पहले से मौजूद कुछ मनचलों ने उसके साथ छेड़खानी कर कर दिया। हालांकि किशोरी द्वारा शोच मचाए जाने से मनचले भाग खड़े हुए, लेकिन तत्काल घटना की जानकारी उसके परिजनों और गांववालों को हो गई। इसके बाद दर्जनों ग्रामीण वहां पहुंच गए। इधर दूसरा पक्ष भी संभावित विवाद को भांप तैयारी शुरू कर दिया था। लेकिन किसी ने इसकी जानकारी मुरार पुलिस को दे दी। मौक पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझा मामला शांत कराया। वही मनचलों को भी फटकार लगाई तथा भविष्य में ऐसा नहीं करने की सख्त चेतावनी दी। मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने पुलिस ने एंटी रोमियो अभियान को और तेज करने का निर्णय लिया है।

### 39 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद

**ब्रह्मपुर।** यूपी से शराब की खेप लेकर आ रहे दो तस्कर नैनीजोर पुलिस से तेज निकले। हालांकि उनकी सफेद रंग की अपाचे बाइक व शराब की खेप को पुलिस ने जब्त कर लिया है। वही उनके शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। बाइक पर रखे बैग से 39 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार नैनीजोर थाने की पुलिस क्षेत्र के झक्कड़ के डेरा के समीप कोईलवर तटबंध पर वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान यूपी की तरफ से एक सफेद अपाचे बाइक पर बैठे दो युवक आ रहे थे। उनके पास एक बैग भी था। जिसमें शराब की बोतले भरी थीं। जैसे ही वे पुलिस के करीब पहुंचे तथा पुलिस टीम को देखे भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने भी उनका पीछा किया। इस दौरान पुलिस को करीब आते देख दोनों तस्कर बाइक व शराब से भरा बैग छोड़ खेत के रास्ते भाग निकले।

## मौसम के बदले मिजाज का दिखने लगा असर, न्यूनतम तापमान 9 डिग्री

# शीतलहर का सितम शुरू, नहीं हुए सूर्य के दर्शन, पछिया हवा ने बढ़ाई कनकनी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

अनुमंडल के इलाके में सर्दी के तेवर तीखे होते जा रहे है। पिछले दो दिनों से मौसम के बदले मिजाज का असर दिखने लगा है। शीतलहर भी शुरू हो गई है। पछिया हवा ने कनकनी बढ़ा दी है। पूरे दिन सूर्य के दर्शन नहीं हुए। जिस कारण पारा लुढ़कने से ठंड बढ़ी है और लोग घरों में शाम ढलते ही दुबकने लगे है। शुक्रवार को वातावरण का न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पूरे दिन भगवान भास्कर का दर्शन भी लोग नही कर सके, जिस वजह से लोगों का जनजीवन प्रभावित रहा। वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लगने लगा है। प्रतिकूल मौसम की वजह से सड़क पर हादसे की आशंका बन गयी है। पछुआ हवा ने ठंड बढ़ाई तो ठंड से लोग बेहाल दिखे। ठंड और पछुआ हवा के कारण लोगों की मुश्किलें बढ़ गयी। बढ़ते ठंड के कहर के बाद भी शहर में कही भी अलाव का इंतेजाम नही हुआ। ऐसा मौसम लोगों को सुकून नही दे रहा है।लोग घरों में रहने के लिए विवश है। अहले सुबह क्षेत्र में ओस की बूंद भी जमी हुई देखने को मिल रही है। बसों और अन्य वाहनों में यात्रियों की भीड़ कम देखी जा रही है। मंडियों में गर्म कपड़ों की दुकानें सज गयी है बावजूद खरीदार भी कम पहुंच रहे है। ठंड के बाद भी नगर परिषद प्रशासन की ओर से अबतक अलाव जलाने की कोई व्यवस्था नही की गयी है। हालत यह है कि लोग सुबह में घर से निकलने में परहेज कर रहे है। बढ़ती ठंड और पछुआ हवा से गरीबो की परेशानी बढ़ गयी है। असहाय गरीबो की नजर शहर के स्वयंसेवी संस्थाओं की ओर टिकी है।



### ठंड के कारण घर में दुबके रहे लोग, बाजारों में रहा सन्नाटा

**केसठ।** दिसंबर के अंतिम सप्ताह से तेज हुई ठंड ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त करके रख दिया है। शुक्रवार को कोहरे का प्रकोप बढ़ने से कनकनी और बढ़ गई। दिन भर लोग भीषण सर्दी से कांपते रहे। पूरे दिन सूर्य बादलों के पीछे छिपे रहे। यात्री ठंड से ठिठुरते रहे।बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 18 और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस रहा। बर्फीली हवा के कारण ठंड कम होने का नाम नहीं ले रही है जिससे जनजीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त रहा। घने कोहरे की वजह से सुबह दस बजे तक विजिबिलिटी काफी कम रही। पूरे दिन धुंध का आलम ऐसा रहा कि दिन में भी चालकों को लाइट जलाकर वाहन चलाना पड़ा। शीतलहर से लोगों की दिनचर्या पर भी खास असर रहा। लोग दिनभर अलाव व बिस्तर का सहारा लेने को मजबूर रहे। बाजारों में भी ठंड के कारण सन्नाटा पसरा रहा। इक्का-दुक्का ग्राहक ही दुकानों पर पहुंच सके। कोहरे की वजह से कनकनी बढ़ने से बसों के इंतजार में ठंड का सामना करना पड़ा।

### किसानों के लिए माकूल है मौसम

वहीं कोहरा पड़ने व मौसम सर्द होने से फसलों के लिए लाभदायक माना जा रहा है। शीतलहर से किसानों में फसल के समुचित विकास की उम्मीदें जाग रही हैं। कोहरे का प्रकोप इसी तरह बढ़ता रहा तो आलू व सरसों की फसल पर कुप्रभाव पड़ने की संभावना बढ़ सकती है। किसानों का मानना है कि कोहरे से आलू की फसल में झुलसा रोग व सरसो की अगेती फसल में माहू कीट का प्रकोप बढ़ सकता है। गेहूं की फसल को लाभ पहुंच रहा है।

## किसानों को मिलेगी नये साल की सौगात, जिले में खुलेंगे चार कृषि क्लिनिक

**केटी न्यूज/बक्सर**

कृषि विभाग द्वारा किसानों को नयें साल की सौगात के तह चार नये कृषि क्लिनीक खोले जाएंगे। ये कृषि क्लिनीक बक्सर तथा डुमरांव अनुमंडल क्षेत्र में खोले जाएंगे। जहां किसानों को फसलों की बुआई, कीट प्रबंधन से लेकर बेहतर पैदावार तक की जानकारी दी जाएगी। ये कृषि क्लिनिक किसानों के लिए वरदान साबित होंगे। पौधा संरक्षण विभाग के सहायक निदेशक बेबी कुमारी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण ईलाके के किसानों को खेती में बढ़ावा देने के लिए दूरगामी लाभ मिलेंगे। इसकी स्थापना सरकार की ओर से नए साल की सौगात के रुप में की जा रही है। बक्सर जिले में कुल 04 कृषि क्लिनिक खेले जाने की बात चल रही है। पौधा संरक्षण विभाग की ओर से सरकार ने किसानों के लिए पहली बार एक नया स्टेशन खोलने का काम करने जा रही है। इसके संचालक कृषि अथवा उद्यान के स्नातक होंगे। अगर कृषि अथवा उद्यान के स्नातक नहीं मिलेंगे तो जीव विज्ञान से स्नातक करने वाले भी इसके योग्य माने जायेंगे. परंतु प्राथमिकता कृषि स्नातक को ही मिलेगी। कृषि क्लिनिक से किसानों को फसलों के स्वास्थ्य से संबंधित सलाह मिलेंगे और मृदा से लेकर पौधा संरक्षण का टिप्स भी दिया जाएगा। कृषि क्लिनिक किसानों के लिए किसी सौगात से कम नहीं होगी।

## बक्सर सत्यदेव गंज मेन रोड हुआ अतिक्रमण मुक्त

**केटी न्यूज/बक्सर**

सत्यदेव गंज के पास मुख्य सड़क पर कब्जा जमाने वाले अतिक्रमणकारियों पर आखिरकार नगर परिषद प्रशासन का डंडा चला। शुक्रवार को बतौर मजिस्ट्रेट स्थानीय सीओ निधि ज्योत्सना की मौजूदगी में नगर परिषद प्रशासन ने पुलिस बल के सहयोग से मुख्य सड़क को अतिक्रमणमुक्त कराया। जबकि सड़क किनारे सब्जी की दुकान सजाने वालों को एलॉट किए गए वेंडिंग जोन में सब्जी दुकान लगाने का निर्देश दिया है। इस दौरान बाजार मे अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया था। बता दें कि नगर के सत्यदेव गंज स्थित सूरज भट्ठी मोड से बैंक ऑफ इंडिया तक सड़क के दोनों किनारों का सब्जी विक्रेताओं व अस्थायी दुकान चलाने वालों ने अतिक्रमण कर लिया था। जिस कारण मुख्य पथ पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया था। लोगों की शिकायतों तथा परिवहन व्यवस्था बाधित होने से नगर परिषद प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों को नोटिस थमा निर्धारित समय में अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था। लेकिन अतिक्रमणकारियों ने इसे अनसुना कर दिया था। निर्धारित समय बीतने के बाद नप प्रशासन ने बलपूर्वक अतिक्रमण हटा लोगों तथा वाहन चालकों को बड़ी राहत दी है। नगर परिषद प्रशासन ने दुकानों को सजाने के लिए बनाये गये फाउंडेशन को जेसीबी के माध्यम से ध्वस्त कर दिया। इसके साथ ही उन्हें दुबारा दुकान लगाने पर कारवाई की चेतावनी भी दिया गया। मौके पर नगर प्रबंधक मृत्युंजय सिंह, नर सिंह चौबे, विजय चौरसिया, नवीन कुमार पाण्डेय, अविनाश कुमार समेत अन्य शामिल रहे।



## बालू लदे दो ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त

**नावानगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बुढैला पुल के पास से बालू लदे दो ट्रैक्टर को पुलिस ने जब्त किया है। हालांकि पुलिस देखकर दोनों ट्रैक्टर चालक भाग निकले में सफल रहे। इधर ओवरलोडेड जब्त दो ट्रैक्टर की सूचना पुलिस ने खनन विभाग को दे दिया है। बताया जाता है कि बुढ़ैला के रास्ते ओवरलोडेड बालू लदे ट्रैक्टर गुजरने की सूचना डुमरांव डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी को मिली थी। सूचना पर डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस द्वारा उक्त स्थान पर जांच करने लगे। तभी ओवरलोडेड बालू लदे दो ट्रैक्टर के चालक पुलिस देखकर ट्रैक्टर छोड़ भाग निकले। जिसके बाद पुलिस ने दोनों ट्रैक्टर को जप्त कर लिया। दोनो ट्रैक्टर पर ओवर लोडेड बालू लदा था। नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि बुढैला पुल के पास से दो ओवर लोडेड बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया गया है।




## नया भोजपुर में मोदी के गारंटी की गाड़ी का हुआ भव्य स्वागत

# केंद्रीय योजनाओं की जानकारी दे रही गारंटी गाड़ी: धनंजय पांडेय

**केटी न्यूज/डुमरांव**

भाजपा द्वारा चलाए जा रहे मोदी की गारंटी वाली गाड़ी का कारवां शुक्रवार को नया भोजपुर गांव पहुंचा। इस दौरान वार्ड 6 के वार्ड पार्षद सह भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष धनंजय पांडेय के नेतृत्व में सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीणों ने इस रथ का भव्य स्वागत किया। इस रथ के साथ चल रहे विभिन्न विभाग के अधिकारियों व कर्मियों ने लोगों को केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। वही अपने संबोधन में धनंजय ने कहा कि मोदी की गारंटी पूरे देश को पसंद आ रही है। केन्द्र सरकार द्वारा समाज के अंतिम पायदान तक के व्यक्तियों को ध्यान में रख कई योजनाएं चलाई जा रही।



उन्होंने प्रधानमंत्री जनधन योजना, उज्जवाला योजना, किसान सम्मान योजना, गरीब अन्न योजना समेत दर्जनों योजनाओं को गिनवाते हुए कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी केन्द्र के योजनाओं को समाज के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों तक पहुंचाने का काम कर रही है। उन्होंने अपने गांव क तरफ से इस गाड़ी पर आए लोगों का आभार जताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष चुनमुन प्रसाद वर्मा ने किया। मौके पर डुमरांव बीडीओ के अलावे कई विभागों के कर्मी व भाजपा नेत्री प्रतिभा सिंह, नगर मंत्री रमेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष श्रीमन नारायण तिवारी, पिंकी पाठक, अवध बिहारी पाण्डेय, चिंतामणि पासवान, मनु पाण्डेय व सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। वही इसके पहले पुराना भोजपुर में भी मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंची। जहां भाजपा कार्यकताओं ने इसका स्वागत किया। जबकि ग्रामीणों को केन्द्र प्रायोजित योजनाओं के बारे में बिस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान सैकड़ो ग्रामीण व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। बता दें मोदी की गारंटी वाली गाड़ी जिले के सभी पंचायतों व नगर परिषद, नगर पंचायत क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को केन्द्रीय योजनाओं की जानकारी दे रही है।



# बैठक में जनपद के विकास पर हुई चर्चा, आए कई महत्वपूर्ण सुझाव

**केटी न्यूज/बलिया**

♦ जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र की समस्याओं से कराया अवगत

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को हुई। इसमें विधायक, ब्लॉक प्रमुख एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र में विकास से जुड़े सुझाव दिये। साथ ही क्षेत्रीय समस्याओं से भी अवगत कराया। जिसका प्राथमिकता पर समाधान सुनिश्चित कराने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिया गया। स्वास्थ्य, सड़क व बिजली विभाग की शिकायत ज्यादा आई, जिसमें सुधार लाने की चेतावनी दी गयी। बैठक में समस्त विभागों की योजनाओं पर चर्चा हुई। कृषि व पशुपालन विभाग की योजनाओं पर सांसद का विशेष जोर रहा। कहा कि गांवों में किसानों को दो गाय अनुदान पर देने की योजना सरकार ने संचालित की है। कृषि व पशुपालन विभाग बैंक से समन्वय बनाकर अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ दिलाएं। पीएम आवास योजना शहरी के अन्तर्गत बने आवास पर लाभार्थी व योजना का विस्तृत वितरण अंकित करने का भी निर्देश दिया गया।



पेयजल कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद चौधरी ने कहा कि पाईप डालने के कार्य से सबसे ज्यादा जिला पंचायत की सड़कें प्रभावित हुई है। सड़क खोद कर पाईप डाल दी गयी, पर उसकी मरम्मत नहीं कराई गई। इसलिए सम्बन्धित का भुगतान तब तक नहीं किया जाए, जब तक सड़क मरम्मत नहीं हो जाती। अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी इस बात का समर्थन किया। सांसद ने भी नगर विकास विभाग के अधिकारी को इसके लिए निर्देशित किया। बैठक में स्वास्थ्य सुविधाओं पर जनप्रतिनिधि बेहद असंतुष्ट दिखे। कई अस्पताल पर डॉक्टर व स्टाफ नहीं होने की समस्या बताई। जिपं अध्यक्ष आनंद चौधरी ने फेफना सीएचसी पर, तो विधायक संग्राम सिंह यादव ने नरहीं सीएचसी पर डॉक्टर के नहीं बैठने की बात कही। यह भी कहा कि इंदरपुर में दस वर्ष से पीएचसी भवन बन कर तैयार है, लेकिन किराये के भवन में अस्पताल चल रहा है। सुझाव दिया कि डॉक्टरों का ट्रांसफर अन्य अस्पताल पर हो तो यह देख लिया जाए वहां भी किसी की तैनाती हो। इस पर सांसद ने निर्देश दिया कि समानुपाती व्यवस्था अपनायी जाए। रोस्टर के हिसाब से बैलेंस बनाकर हर अस्पताल पर डॉक्टरों का बैठना सुनिश्चित किया जाए। धमेंद्र सिंह ने कहा कि टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शी व्यवस्था हो। डीपीएम की शिकायत की जांच के लिए कमेटी गठित है तो शासन के आदेश के बावजूद महीनों तक जांच लम्बित क्यों है। सांसद ने एक हफ्ते के भीतर इससे सम्बन्धित विस्तृत रिपोर्ट मांगी।

## खबरें फटाफट

### अनियंत्रित पिकअप नाले में पलटी

**चंदौली।** मुख्यालय स्थित बबुरी रोड पर शुक्रवार को तेज रफ़्तार मालवाहक पिकअप अनियंत्रित हो कर नाले में पलट गई। वहीं चालक मौके से फरार हो गया। घटना में रिहायशी मकान का बाउंड्रीवाल धराशायी हो गया। इससे बड़ा हादसा होते होते बच गया। कोहरे और शीत लहर के बावजूद मालवाहक वाहन अपनी गति पर विराम नही लगा रहे हैं। जिससे आय दिन क्षेत्र में लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। यही कारण है कि मालवाहक पिकअप बबुरी रोड के नाले में पलट गयी, और रिहायशी मकान के बाउंड्री वॉल पर जा गिरी और बाउंड्री वॉल भरभरा कर गिर पड़ी। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

### धान क्रय केंद्र पर किसानों की उमड़ी भीड़

**गाजीपुर।** जखनियां राजकीय धान क्रय केंद्र पर दो केंद्र बनाए गए हैं। प्रथम और द्वितीय जिसमें अबतक प्रथम पर 74 किसानों से 5257 कुंतल खरीद हुई तथा द्वितीय पर 81 किसानों से 5318 कुंतल खरीद हुई। केंद्र प्रभारी पियूष चौहान ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित राजकीय धान क्रय केंद्र पर धान की अच्छी कीमत मिलने से किसानों में काफी खुशी है, जो लगातार क्रय केंद्र पर धान बिक्री कर रहे हैं। 72 घंटे में किसानों के खाते में पैसा भी भेजी जा रही है।

### अनुग्रह राशि के बारे में दी जानकारी

**चंदौली।** ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित क्षेत्र के कामगारों की दुर्घटना वश मृत्यु होने व दिव्यांगता होने पर आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इसमे अनुग्रह राशि व माडल प्रक्रिया के बारे में श्रम प्रवर्तन अधिकारी की ओर से विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। बताया कि ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित कामगारों को मृत्यु/दिव्यांगत होने पर दो लाख तक अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी। यह योजना दुर्घटना के कारण मृत्यु/दिव्यांगता की दशा में ई-श्रम पोर्टल पर 31 मार्च 2022 तक पंजीयन के पश्चात उक्त अवधि में या उससे पहले दुर्घटना हुई हो के संबंध में दावा (क्लेम) करने के लिए पात्र होंगे।

### उद्योग बंधु-व्यापार बंधु निवेशक की होगी बैठक

**गाजीपुर।** जनपद के उद्यमियों, व्यापारियों, निवेशकों व निर्यातकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए इस माह जिला उद्योग बंधु व व्यापार बंधु निवेशक की बैठक मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में शनिवार को विकास भवन सभागार में आहूत की गई है। उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र प्रवीण कुमार मौर्य ने संबंधित उद्यमियों, व्यापारियों, निवेशकों, निर्यातकों एवं उद्योग बन्धु, व्यापार बन्धु समिति के सम्मानित सदस्यों से अनुरोध किया है कि उक्त तिथि, समय एवं स्थान पर बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें। ताकि उद्योग को बढ़ावा दिया जा सके। तेजी से विकास की गति आगे बढ़े।

## राजकीय रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल के संयुक्त अभियान में मिली सफलता

# पीडीडीयू जंक्शन पर 80 लाख रुपए नगद के साथ तीन संदिग्ध गिरफ्तार

♦ पकड़े गये तीनों युवक की पहचान पश्चिम बंगाल निवासी के रूप में हुई।

**केटी न्यूज/पीडीडीयू**



राजकीय रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को स्थानीय रेलवे स्टेशन से 80 लाख रुपयों की खेप लेकर जा रहे तीन लोगों को पकड़ लिया। तीनों ने स्वयं को ज्वेलरी व्यवसायी बताया और इसका ही पैसा लेकर जाने की बात कहीं। हालांकि तीनों इस संबंध में कोई कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। जीआरपी की सूचना पर पहुंची आयकर वाराणसी की टीम रुपये और आरोपियों को अपने साथ ले गई। आगे की कार्रवाई आयकर विभाग की टीम करेगी।

पुलिस क्षेत्राधिकारी जीआरपी वाराणसी कुंअर प्रभात सिंह ने बताया कि नववर्ष को देखते हुए जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम लगातार स्टेशन पर गश्त कर रही है। इसी क्रम में शुक्रवार की सुबह जीआरपी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह, आरपीएफ निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत के नेतृत्व में संयुक्त टीम गश्त करते हुए प्लेटफार्म संख्या एक पर पहुंची तो वहां तीन संदिग्ध व्यक्ति दिखे। उनके बैग की तलाशी ली गई तो उसमें सफेद प्लास्टिक के झोले में रुपये के बंडल दिखे।

रुपयों के बारे में तीनों कुछ बोल नहीं सके और न ही कोई कागजात दिखा सके। तीनों को लेकर थाने आया गया। यहां झोले में रखे नोटों की गिनती की गई तो कुल 80 लाख रुपये बरामद हुए। पूछताछ में तीनों ने अपना नाम क्रमशः परितोष उर्फ शुभंकर नसकोर निवासी विशेश्वरपुर थाना उल्लोबेरिया जिला हावड़ा, पश्चिम बंगाल, सीमांतों निवासी सिप चक थाना जंगीबाड़ा जिला हुगली, पश्चिम बंगाल, सुजान मिस्त्री निवासी आटानोगेट थाना सामपुर जिला हावड़ा पं. बंगाल) बताया। तीनों ने बताया कि वे सोने चांदी के गहनों का काम करता है। इसी का पैसा लेकर वाराणसी से कोलकाता जा रहे थे। सीओ ने बताया कि रुपयों के बरामदगी की सूचना पर पहुंची आयकर विभाग वाराणसी की टीम रुपये और आरोपियों को अपने कब्जे में ले लिया। आगे की कार्रवाई आयकर विभाग करेगी। उन्होंने कहा कि इस तरह का अभियान और भी आगे जारी रहेगा। सभी पर निगरानी रखी जा रही है।

## खेत पर जा रहे किसान की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**चंदौली।** कोतवाली क्षेत्र के बहरवानी गांव में शुक्रवार की सुबह 5 बजे अप लाइन में आ रही ट्रेन की चपेट में आने से 26 वर्षीय युवा किसान की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली पुलिस ने सूचना मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पीएम की कार्रवाई में जुट गयी। वही पत्नी सहित परिवार के लोगों का रोते-रोते बुरा हाल रहा। बहरवानी गांव के स्व. विजय यादव के दो पुत्र धीरेन्द्र यादव और कृष्णा यादव व तीन पुत्री आरती, पूजा और वंदना है। धीरेन्द्र यादव की एक साल पूर्व गाजीपुर के गरूआ मकसूदपुर गांव के चिरंजीव यादव के पुत्री मुन्नी यादव से शादी हुई थी। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार किसान धीरेंद्र कुमार सुबह अपने घर से खेत पर जाने के लिए निकले। खेत पर जाने के लिए बीच रास्ते में रेलवे लाईन पड़ता है। यह अनुमान लगाया जा रहा है कि काफी कोहरा होने के कारण अप में आ रही ट्रेन नहीं दिखी। जिससे उनकी कटकर मौत हो गई। धूंध के कारण कोई शव नहीं देख पा रहा था। गांव की महिलायें अपने खेत के लिये जा रही थी। तभी उनकी नजर रेलवे लाइन के किनारे पड़े शव पर पड़ी। देखकर महिलाएं चिल्लाने लगी। इसके बाद काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। शव को देखते हुए ग्रामीणों ने पहचान कर लिया। इसकी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। घटना के बाद माता लीलावती, पत्नी मुन्नी देवी भाई कृष्णा सहित बहनों का रोते-रोते बुरा हाल रहा। इस बाबत कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने बताया कि शव का पीएम कराने के बाद परिजनों को सौप दिया गया है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों का कहना है कि धीरेंद्र काफी मिलनसार व्यक्ति था। वह किसी की भी मदद के लिए आगे जा जाता था। उसकी अचानक मौत ने सब को झकझोर कर रख दिया है। किसी को विश्वास नहीं हो पा रहा है कि वह अब इस दुनिया में नहीं है।

## साइबर ठगी की शिकार महिला ने पुल से लगायी छलांग, मौत



**केटी न्यूज/ चंदौली**

बलुआ थाना क्षेत्र के बलुआ पक्का पुल से 26 वर्षीय विवाहिता किरन यादव ने छलांग लगा लिया । सुबह पुल से गुजरने वाले लोगों ने पुल के नीचे शव देख बलुआ पुलिस को सूचना दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मारूफपुर निवासी त्रिभुवन यादव की बहन की शादी दो वर्ष पूर्व गाजीपुर जनपद के मंगारी गांव में बृजेश यादव के साथ हुई थी। बृजेश मुंबई में प्राइवेट नौकरी करता है । गुरुवार को वह अपने घर से मारूफपुर आयी और मायके न जाकर सीधे मारूफपुर यूनियन बैंक में गई । जहां उसके खाते से 25 हजार रुपये का फ्राडगिरी हुई थी । जिसके संबंध में बैंक मैनेजर से वार्ता की, लेकिन वह मायके के लोगों से नही मिली। गंगा किनारे पुल से गुजरने वाले ग्रामीणों ने पुलिस को इसकी सूचना दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## नौकरी लगाने का आरोप लगा महिलाओं ने प्रदेश अध्यक्ष को कलेक्ट्रेट के समक्ष पीटा

♦ नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने का लगाया आरोप

**केटी न्यूज/बलिया**



नौकरी लगाने तथा आवास देने के नाम पर ठगी करने का आरोप लगाते हुए महिलाओं ने खरवार महासभा के युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश्वर खरवार की कलेक्ट्रेट परिसर में शुक्रवार की दोपहर जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष भागते नजर आए। इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में कुछ देर के लिए भगदड़ मच गई थी। इस बीच किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रदेश अध्यक्ष कमलेश्वर खरवार को पकड़कर कोतवाली ले गई, जहां अभी भी पंचायत जारी है। महिलाएं सुनीता व संगीता का आरोप था कि कमलेश्वर खरवार आज से दस वर्ष पहले नौकरी व आवास देने के नाम पर लोगों से दस लाख रूपए वसूले थे। जिसके बाद से हर आज कल करने लगे। फोन करने पर फोन नहीं उठाता है, घर जाने पर घर पर नहीं मिलता है। इसबीच कलेक्ट्रेट में नेताजी शुक्रवार को जैसे ही किसी काम के सिलसिले में पहुंचे, महिलाओं की नजर पड़ गई। इसके बाद दे दना दन शुरू हो गया। इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में भगदड़ मचने के साथ सैकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। उधर इस संबंध में शहर कोतवाल संजय सिंह ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। उधर प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि मेरे खिलाफ साजिश रची गई है। मैंने किसी का पैसा नहीं लिया। सब आरोप बेबुनियाद है। मेरी छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। मेरा इससे कोई सरोकार नहीं है।

## छात्राओं ने योग, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल एवं जिमनास्टिक का किया प्रदर्शन

# बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं शैक्षिक समारोह का हुआ शुभारंभ

**केटी न्यूज/ मऊ**

मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर के नेतृत्व में दो दिवसीय जनपदीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं शैक्षिक समारोह का शुभारंभ जिला विकास अधिकारी एवं जिला परियोजना निदेशक द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम उच्च प्राथमिक विद्यालय आईलख, कंपोजिट विद्यालय करमी एवं यूपीएस विद्यालय मोहम्मदाबाद गोहाना की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। तथा संयुक्त रूप से छात्राओं द्वारा योग एवं जिमनास्टिक का प्रदर्शन किया गया। उपस्थित प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई गई एवं मसाला प्रज्वलन व मसाला के साथ धवनपद की परिक्रमा की गई। तत्पश्चात 100 मी. बालिका दौड़ को मुख्य विकास अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रतियोगिता में कबड्डी, एथलेटिक्स, जिमनास्टिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रंगोली, खो-खो, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल, पीटी, योग, लंबीकूद, ऊंची कूद, गोला, चक्र, कुश्ती जूडो, हैंडबॉल एवं फुटबॉल छात्र-छात्राओं द्वारा खेला गया। मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर ने अपने संबोधन में बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि जिस प्रकार स्काउट गाइड के बच्चों द्वारा स्वागत किया गया देखकर बचपन की यादें तरो ताजा हो गई। उन्होंने बताया कि बचपन में हमने भी स्काउट गाइड में प्रतिभाग किया था। मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित बच्चों से कहा कि खेल को खेल की तरह खेलें खेल के दौरान हार जीत की प्रक्रिया होती रहती है, जिसमें किसी प्रकार का मतभेद न करें आज के बच्चे ही कल के भविष्य हैं। उन्होंने बच्चों एवं अध्यापकों का उत्साह वर्धन किया और कहा कि खेल प्रतियोगिता में हार जीत होती रहती है खेल में प्रतिभा करना ही अपने आप में बड़ी बात होती है। परियोजना निदेशक रामबाबू त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि ब्लॉक स्तर से चयनित होकर बच्चे जनपद स्तर पर प्रतिभा दिखा रहे है।



## एक नजर

### ठंड से ठिठुरन बढ़ी, तहसील में नहीं जला अलाव

**गाजीपुर।** कड़ाके की ठंड बढ़ने से सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। कोहरे की चादर तनी हुई है। जरूरी कामकाज वाले लोग घर से जरूर बाहर निकल रहे हैं। सार्वजनिक स्थानों और तहसील परिसर में अलाव न जलने से अधिवक्ता सहित आम लोग मायूस है। उधर कुछ सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है, जहां पर लेखपाल की माध्यम से दुल्लहपुर, जखनियां, सादात, शादियाबाद, बहरीयाबाद, नंदगंज के सार्वजनिक स्थानों पर अलावा जलाए गए हैं। उधर हुरमुजपुर हाल्ट और नायकडीह हाल्ट पर अलाव की व्यवस्था न होने से दूर दराज के यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। तहसीलदार ध्रुवेश कुमार सिंह ने बताया कि जखनियां तहसील के अंतर्गत जखनियां, सादात में रैन बसेरा का निरीक्षक करके जायजा लिया गया है।

### जागरूकता अभियान में 250 वाहन हुए चेक

**मऊ।** द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के दृष्टिगत वाहन चलाते समय सीटबेल्ट का प्रयोग न करने, एचएसआरपी न लगे वाहनों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्यवाही की गयी जिसके अन्तर्गत 250 वाहनों को चेक किया गया। जिसमें सीटबेल्ट के अभियोग में 21 वाहनों एवं एचएसआरपी के अभियोग में 14 वाहनों तथा ड्रंकन ड्राइविंग के अभियोग में 08 वाहनों का नियमानुसार चालान किया गया। साथ ही वाहन चालकों को जागरूक किया गया तथा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त आयोजन में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन / प्रवर्तन) सुहेल अहमद एवं यात्रीकर अधिकारी, श्री अरविन्द कुमार जैशल, प्रवर्तन सिपाहियों के साथ उपस्थित रहे।

### सीओ ने पाया दोषी, एसपी ने किया दोषमुक्त

**बलिया।** जनपद में पुलिस अधीक्षक द्वारा थानाध्यक्ष को जातिगत आधार पर गाली- गलौज देने के मामले में दोषी पाए जाने के बाद भी दोषमुक्त करने का गंभीर मामला सामने आया है। आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने एक ऑडियो रिकॉर्डिंग के आधार पर बलिया जनपद के थाना सहतवार के पूर्व थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह द्वारा चांदपुर सहतवार निवासी पंकज सिंह को जातिगत आधार पर गाली -गलौज देने की शिकायत की थी। पंकज सिंह द्वारा दी जानकारी के अनुसार रिकॉर्डिंग में थानाध्यक्ष उनसे पूछते हैं कि वे कोइरी हैं या कुर्मी हैं। पंकज सिंह उन्हें बताते हैं कि वे केशव मौर्य के रिलेटिव हैं। थानाध्यक्ष उन्हें तमाम भद्दी गालियां देते हुए कहते हैं कि तुम कोइरी होकर ठाकुर से बात करोगे। इसकी शिकायत पर एसपी बलिया द्वारा मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी। आख्या में कहा गया है कि इस प्रकरण की जांच सीओ बैरिया को दी गई थी। उन्होंने मनोज कुमार सिंह को दोषी पाया था। उन्हें कारण बताओ नोटिस दिया गया, लेकिन नोटिस का स्पष्टीकरण संतोषप्रद पाए जाने पर उन्हें दोषमुक्त कर दिया गया।

### जाति प्रमाणपत्र को लेकर सुभासपा ने किया प्रदर्शन

**बलिया।** अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र जारी न किए जाने पर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के कार्यकताओं ने शुक्रवार की दोपहर कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान जिलाधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा गया। ज्ञापन में जिक्र किया कि बलिया, देवरिया, गाजीपुर, वाराणसी व सोनभद्र आदि जिलों में गोंड व खरवार जातियों को अनुसूचित जनजाति का प्रमाण–पत्र जारी करने हेतु समय–समय पर शासन द्वारा समस्त जिलाधिकारी को पत्र प्रेषित किया गया है। जिसके क्रम में तत्समय कुछ लोगों के प्रमाण–पत्र भी बने, लेकिन विगत कुछ समय से प्रमाण पत्र बलिया जिले के सभी तहसीलों में बनना लगभग बंद हो गया है या बन भी रहा है तो उसको बनवाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है तथा काफी धन भी खर्च करना पड़ रहा है।

### एआरटीओ ने चलाया अभियान, 57 वाहनों पर चालान

**बलिया।** सड़क सुरक्षा अभियान के तहत हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट, हेलमेट, सीट बेल्ट, परमिट न होने पर एआरटीओ अरूण कुमार राय शुक्रवार की सुबह 57 वाहनों का जहां चालान किया। वहीं जीप और एम्बेसडर समेत कुल 9 वाहन कोतवाली व फेफना थाने में सीज किए गए। इस दौरान वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति देखी गई। एआरटीओ अरूण कुमार राय शुक्रवार की सुबह फेफना तिराहा पर व्यापक स्तर पर अभियान चलाया। इस दौरान वाहन चलाने वालों के नंबर प्लेट की जहां जांच की। वहीं सीट, बेल्ट आदि भी चेक किया गया। इस दौरान एआरटीओ अरूण कुमार राय ने जहां 578 वाहनों का चालान किया। वहीं जीप और एम्बेसडर समेत कुल 9 वाहन कोतवाली व फेफना थाने में सीज कर दिए। एआरटीओ अरूण कुमार राय ने बताया कि वाहन चालक यातायात नियमों का पालन अवश्यक करें। आपकी गलती की चलते आप खुद के साथ–साथ कइयों की जान ले लेते हैं। कुहासा का समय लिहाला फॉग लाइट अवश्य जलाएं। एआरटीओ अरूण कुमार राय ने बताया कि अभियान आगे भी बदस्तूर जारी रहेगा।

### स्वरोजगार हेतु पचास लाख रुपये तक मिलेगा ऋण

**मऊ।** जिला ग्राम उद्योग अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम पीएमईजीपी योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 में ग्रामीण क्षेत्र के उद्यमियों, कोरोनाकाल के प्रवासी, बेरोजगारों, आईटीआई प्रशिक्षण प्राप्त उद्यमियों व परम्परागत कारीगरों को अपने गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराने हेतु ऑन लाईन आवेदन पत्र स्वीकार किया जायेगा। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना में उत्पादन क्षेत्र में पचास लाख रूपये एवं सेवा क्षेत्र में बीस लाख तक का ऋण दिया जायेगा। योजनान्तर्गत सामान्य पुरुष अभ्यर्थियों को 25 प्रतिशत एक मुश्त अनुदान एवं अन्य सभी आरक्षित वर्ग (महिलायें, पिछड़ी जाति, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, अल्पसंख्यक, विकलॉग एवं भूतपूर्व सैनिकों) को 35 प्रतिशत एक मुश्त अनुदान दिए जाने का प्राविधान है। योजना अन्तर्गत अधिकतम पचास लाख रूपये तक बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 15 जनवरी 2024 तक अपना ऋण आवेदन पत्र आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाईन कर सकते है । ऑनलाईन किया गया आवेदन पत्र ही मान्य होगा । ऑन लाइन आवेदन पत्र की हार्ड कापी जिला ग्रामोद्योग कार्यालय अन्धा मोड़ भीटी मऊ में प्रस्तुत करना होगा। इसके बाद आसानी से ऋण प्राप्त किया जा सकता है।

